But how is one to make a delicate choice between contestants of almost equal merit for the Presidentship? An election pre-supposes a degree of canvassing. We find it difficult ourselves to assess the relative merits of the five Congressmen who jointly present to the delegates a baffling problem. The canvassing now in progress is doing nobody any good. That there are honest differences of opinion, even among the contestants, is not gainsaid. But we are quite sure that the delegates, or the vast majority of them, will earnestly wish to be spared the task of adjudication. The stake, we feel, is being over-emphasized in certain quarters. What is the stake? To imagine that a bright new lead can be given which would change the face of things is Utopian. The Central Government, of which the Congress is to a sufficient degree in charge, has its grip over the situation and the Prime Minister and Deputy Prime Minister are hard at work. As the Governor-General has said, the country has turned the corner. But progress is admittedly and naturally slow. This is not for want of co-operation but in spite of the necessary and indispensable help rendered to the Government by an army of voluntary workers led by the worthy leaders one of whom is to be the President of the Congress. Behind them stand personalities like Shri Vinoba Bhave whose untiring work of faith sheds a beacon light on the scene. There is no magic by which the situation can be transformed overnight. Every interest will have to contribute its quota of sustained endeavour before complete success in the solution of difficult problems is achieved. Such being the case, the need of the hour is complete mutual understanding and co-operation between the Congress organization, headed by the President, and the Central and Provincial Governments. We are, therefore, more concerned with who shall adorn the front seat of the camel procession at Jaipur and thereafter remain the occupant of the coveted place for a year than which of the five is superior to the rest.

We hope that timely withdrawals will bestow the honour on Dr Pattabhi Sitaramayya. Ever since his duel with Subhas Chandra Bose, his case, in our view, has been ripe for the Presidentship. But since then he has performed yeoman service, particularly in the cause of the people of the States. They in Jaipur would like to see him fittingly honoured. He is one of our outstanding leaders. Congressmen in their private talk refer to a certain acerbity that has crept into his nature of late. While that is no disqualification, it may well be regarded as a reason why a belated act of justice should be done. Of the others, Acharya Kripalani, we believe, did not wish to stand at all. He has been once President. The rest will still have their chance and we for our part hope that every one of them will in time to come have the great honour thrust upon [them].

यह जो लखनऊ शहर है, असल में हमारे मुल्क में पुराना शहर है और हिन्दू और मुसलमान दोनों का यह मिश्रित कल्चर का एक केन्द्र स्थान है। ठीक है इस शहर की पुरानी बातें हम सुनते हैं। पुरानी जो निशानियां देख के हम मगरूर भी होते हैं और इस शहर में जो उनका पिछली आजादी की लड़ाई में जो हिस्सा है जो उनका इतिहास है वह देख के हम मगरूर भी होते हैं। आज हम इस बात को याद करते हैं कि इस शहर में से एक बात निकली कि हम हिन्दू और मुसलमान एक कौम नहीं हैं एक नेशन नहीं हैं तो एक प्रजा नहीं है तो हमें अलग हिस्सा करना चाहिये। हमारी जबान अलग है, हमारी संस्कृति अलग है, हमारा जो सब प्रकार का काम है वह सब अलग अलग है इसलिए हमें अलग होना चाहिये। सारे मुसलमानों का हिन्दुस्तान में ज्यादातर लखनऊ के मुसलमानों की आवाज

पड़ा और पड़ता रहा। उसमें हमारे जो नेशनलि
नेशनलिस्ट मुसलमान थे वे भी इसी बात के थे, उन
लोगों ने काफी विरोध किया, काफी मुसीबतें उन लोगों
ने उठायीं। हिन्दुओं और नेशनलिस्ट मुसलमानों में
मुहब्बत बहुत थी, आज भी है। चंद लोग हैं वे
परेशान हैं, उनकी तकलीफ और उनकी परेशानी हम
उनके चेहरों पर देखते हैं, तब हमको दर्द होता है।
लेकिन जो हमारे भाई मुस्लिम लीग के लीडर थे
इन लोगों ने यह बात सोची कि नहीं, अलग
होना उसमें हमारा मुसलमानों का समाज है
और मुसलमानों की रक्षा है और कहते रहे कि हमें
'सेपरेट एलेक्टोरेट' से कोई फायदा नहीं, हमारी कोई
रक्षा नहीं होगी। यदि हमको कोई वेटेज दिया तो
उससे हमारा कोई काम नहीं होता। और और
तरह से कोई हमको छोटी मोटी चीजें दी जायें तो
उसमें हमारा कोई फायदा नहीं होता, हमको तो
अलग हमारा हिस्सा चाहिये और इस बात को
हिन्दुस्तान में लीग वाले मुसलमान थे वह

उनका घूमने लगे और उसका काफी असर हुआ। और ज्यादातर जो जवान नौजवान मुसलमान थे जो पढ़ते थे कालेजों में उनके ऊपर बहुत प्रभाव उसका हुआ और उन लोगों ने मान लिया कि सही बात है और हमें कबूल करना चाहिये कि बहुत से मुसलमानों के दिल में यह ख्वाहिश पैदा हुई कि अभी हमारा राज्य अलग हो जायगा तो हम स्वर्ग में चले जायेंगे। ठीक बात है उनकी ख्वाहिश हम रोक न सके, दबा नहीं सके और हमारे बीच में एक बहुत बड़ी दीवार खड़ी हुई। कांग्रेस का यह सिद्धांत था कि हम इतने साल, इतनी सदियों से साथ रहे और कुछ भी कहें, आज लेकिन आखिर बहुत से मुसलमान अस्सी फी सदी नब्बे फी सदी मुसलमान असल में तो हमारे में से ही चले गये, धर्मान्तर कर दिया लेकिन उससे कल्चर कैसे बदल गया और दो नेशन कैसे हो जाती। यदि गांधी जी का लड़का मुसलमान हुआ तो दूसरी नेशन का कैसे हो गया और चंद दिनों के बाद वहां से चला आया पीछे आया तो क्या उससे नेशन बदल गयी। बार बार नेशन थोड़े बदली जाती है। जाति

मुश्किल है तो उनको लेने दो । तो हमने दे दिया। जब दे दिया तो हम ने समझे थे कि अब मुल्क में शांति होगी और हम हमारा काम करेंगे। और हमारे दिल की ख्वाहिश पहले भी थी और आज भी है कि वह जो अलग अपना घर बना के बैठे हैं वह तगड़े हो जायं अच्छे हो जायं अपना कार्य करें, अपना मुल्क को उठावें और जैसा उनके दिल में ख्वाहिश थी वैसा ही स्वर्ग वह उस पाकिस्तान को बना दें तो हम खुश हो जायेंगे क्योंकि आखिर तो हमारा भाई है और एक गलत समझ से यह काम किया है तो वह तगड़ा हो जाय सुखी हो जाय तो हमारा पड़ोस में पड़ा है, भाई है ताजा होगा तो अच्छा है लेकिन हमने यह कभी नहीं सोचा था कि और कभी ऐसी उम्मीद नहीं रखी थी कि अलग होने के बाद वह हमको चैन से बैठने नहीं देंगे। अब उसने बार बार-कहते हैं कि आप लोग हमको बैठने नहीं देते हैं और पाकिस्तान को तबाह करने के लिए उसको बरबाद करने के लिए हिन्दुस्तान में

कामयाबी सी हो रही है, लेकिन हो रही है तो मैं: उनके लोगों को बार बार कहता हूं कि पाकिस्तान का कोई दुश्मन हो तो वह पाकिस्तान के भीतर है बाहर कोई नहीं है। आप आपको संभालो हमारे यहां पाकिस्तान को कोई बुरा नहीं चाहता है आपका भला ही कभी कभी कोई कहता है कि पाकिस्तान और हिन्दुस्तान आखिर एक हो जायगा ठीक हो जायगा जल्दी ही हो जायगा। मैं यह नहीं कहता हूं। मैं कहता हूं कि अब अलग ही हो, बहुत आपको नमस्कार है, आप वहीं बैठे रहो हमें आना नहीं। क्योंकि हमने बहुत अनुभव कर लिया है और आप देख लीजिये, वैसे ही आप अच्छे हो जायं तो हम खुश होंगे। लेकिन मेहरबानी करके हमको सताना बन्द कर दीजिये। वह नहीं होता है और कभी सिक्खों पर बोझ डालता है, कभी हमारे पर बोझ डालता है और ~~[illegible]~~ गवर्नमेंट पर बोझ डालता है लेकिन अपनी गलती अभी महसूस नहीं करता है और जो आदमी अपनी गलती महसूस नहीं करता है

तो उसका भला हो नहीं सकता। सब तो यानी पाकिस्तान
मिटेगा तो अपने पाप से मिटने वाला है, हमारे मिटाने
से कोई मिटेगा नहीं। तो अब आप देखें कि जब
हमने फैसला किया अलग कर देना ठीक किया,
उसके बाद क्या हुआ? उसके बाद जो कार्रवाई हुई
उसमें हमारा दोष नहीं ऐसा मैं नहीं कहता, हमारा
बुरा दोष है लेकिन जो दोष उनका है वैसा हमारा
दोष नहीं है और आज भी हमारी ख्वाहिश है कि
हम क्योंकि हमारे यहां तीन करोड़ चार करोड़,
साढ़े चार करोड़ मुसलमान पड़े हैं और उनके लिए
कोई जगह नहीं है दूसरे हिन्दुस्तान के सिवा। और
उनमें से बहुत से मुसलमान जिसके साथ
हमारी मुहब्बत जिन्दगी भर की है.
उनके साथ हम दगाबाजी नहीं करना चाहते
हैं क्योंकि जो कोई छोटी मोटी चीज के लिए
अपने मित्रों के साथ दगाबाजी करता है वह
कभी कोई काम नहीं कर सकता। तो बहुत
से मुसलमान जो पाकिस्तान में पड़े हैं
उनके अलावा आप देखें। 'डान' [illegible] जो

पड़ते हैं वह जरा देखें और आंखवाला देखे। अब
कहते हैं कि सबसे बड़ा मुसलमानों का दुश्मन मैं ही
हूं, मेरा नाम लेते हैं। एक समय जिन्ना का खिताब
यह कहते थे, खुद कायदे आजम कहते थे, सब लोग
कहते थे कि गांधी मुसलमानों का 'एनेमी नं. 1'
है मुसलमानों का। अब वह बड़ा दोस्त हो गया
है मुसलमानों का और कोई पाक मित्र और
सखा हो तो गांधी जी है। अब मेरा नम्बर वहां
रख दिया। क्यों रखा? क्योंकि मैं साफ बात
कहता हूं। मैं छिपाता नहीं हूं कि जो बुरी चीज
होगा उसका बुरा असर इधर पड़ता है। तो मैं कहता
हूं कि भाई यदि आप लोग हमको चैन से काम
करने देंगे तो इधर मुसलमानों को तकलीफ
नहीं होगी और हम कितनी भी कोशिश करें
और कोशिश करना हमारा फर्ज है, चाहे
और न करें और हमारे फर्ज में हम चूकें तो हम
ईश्वर का गुनाहगार बनते हैं। तो यह तो हम
करेंगे लेकिन हमारी कोशिश में हम कामयाब

शुरू नहीं होंगे जब तक आपका कर्म ठीक ठीक नहीं होगा। तो आपको किस ढंग से चलना चाहिये क्योंकि आप तो कहते थे कि पाकिस्तान हम को मिल जाय तो हम को पूरा प्रोटेक्शन मुसलमानों को मिल जायगा। अब जो मुसलमानों ने इधर से शुरू किया था लीग वाले जो केन्द्र स्थान सारे हिन्दुस्तान के मुसलमानों के कलेजे का था लखनऊ, उसी लीडरों को मैं पूछता हूँ कि अब क्या प्रोटेक्शन देते हैं। इधर हिन्दुस्तान में मुसलमान पड़े हैं उनकी हालत देखें, आप उनका दिल देखें, उनका चेहरा देखें, हमको दर्द होता है, आपको नहीं होता है, उससे मुझे ताज्जुब होता है कि क्या हुआ है। आप तो वहां जाकर बैठे लेकिन इन लोगों का कुछ सोचा कि उनकी क्या हालत है, वह हमारे पर छोड़ दिया। ठीक है छोड़ दिया हम तो कोशिश करेंगे लेकिन वहां बैठे भी हमको कुछ चैन देंगे कि वहां भी तकलीफ करते ही रहेंगे।

तो पहले देखें कि यह जब चीज़ भी हुई तो ठीक है भूल जायें उसको, बहुत बुरी बात होने

काम किया और हमने भी किया, दुनिया में हमारी बदनामी भी हुई, मगर मैं तो कबूल करता हूँ। जब हमने फैसला किया तो उसमें, और हिन्दुस्तान आजाद हुआ तब हमारी इतनी बहुत बदनामी की दुनिया में, लेकिन आज हम बहुत गिरे हुये हैं। सो यह तो नुकसान हुआ, उसको भी हम भी जानें। फिर है जो कुछ हुआ सो हुआ लेकिन तुमको यह क्या जरूरत थी कि बाकी हिन्दुस्तान को उसमें घुसाने की कोशिश की। क्यों जूनागढ़ के दरवाजे पर बैठे आप। क्या जरूरत थी आपको, कहां आया वहां पाकिस्तान। यदि हिन्दुस्तान में इस तरह से पीछे अब आपका अलग टुकड़ा बनाया, उसके बाद अलग टुकड़ा करना हो तो खुली बातें करो, मैदान में आओ, इस तरह से क्यों करते हो

अब जूनागढ़ वालों ने नवाब साहब को सलाह दिया कि आप पाकिस्तान में शरीक हो जाओ तो आपको सभी मिल जायगा। अब वहां मिल गया, [illegible] बेचारा कराची जा के बैठा है बेटी

बन के बैठा है। अब उनको दिल की हालत ख़ुदा
ख़ुदा को याद आता है कि हिन्दुस्तान में मेल में रहना
अच्छा है गुनाहगार में लेकिन पाकिस्तान का ख़्याल उलटा
हुआ है, वह क्या किया, हमने बहुत कहा कि यह
पाकिस्तान का काम अच्छा नहीं है इनको चैन से
बैठने दो, अब आप का काम करो। आपके पाकिस्तान
के सूबा में जितनी रियासतें पड़ी हैं, बहावलपुर
है, कलात है, और है सब ले लो। हम बातें
नहीं पकड़ो। उस समय पर हमारा नहीं माना। अच्छी बात
है हम समझे कि पाकिस्तान में जो गुनाहगार हैं
कुछ गड़बड़ करते हैं वह समझ जायेंगे। लेकिन
फिर काश्मीर पर आड़ा लगाया, तब फिर हमने पूछा
कि भाई ये काश्मीर में आप जा रहे हैं तो क्या,
हम तो कुछ करते नहीं काश्मीर में तो आज़ाद
गवर्नमेंट बनी है और काश्मीर के जो मुसलमान हैं
वे करते हैं लेकिन वह तो बात ज़्यादा दिन
चला नहीं, वह सब बात खुली होने लगी। तब
वहां से जो फ्रंटियर सरहद के लोग थे मुसल-
मान, सब वहां से पाकिस्तान की तरफ से उनको

हथियार, पूरा कपड़ा, उनको खाना-पीना और उनको सामान जितना चाहिये उतना मोटर चाहिये, मोटर लगाने चाहिये, सब चीज देने लगे और उनके लश्कर में तालीम देने के लिए अपने कोई कोई अफसर भी चले गये तब हमने पूछा कि यह क्या करते हो, खाली खुली लड़ाई क्यों नहीं करते हो? तो कहने लगे, हम तो कुछ नहीं करते हैं। ऐसा कहते रहे। इतना होते हुए भी हमने कोई झगड़ा नहीं किया। और हमारी तरफ से हिन्दुस्तान की सरकार, इण्डिया की गवर्नमेंट की तरफ से जो सारी दुनिया की बड़ी बड़ी जो सल्तनतें हैं उनकी जो जमात है, उनकी जो संस्था है, जिसको यूनाइटेड नेशन्स कहते हैं, उनके पास हमने लिखा कि भाई इस चीज में तो हम लोग दोनों हमारी गवर्नमेंट - पाकिस्तान और हिन्दुस्तान दोनों आपके यहां शरीक हैं - आपकी संस्थाओं पर हैं, आपके संगठन में पड़े हैं और आपके कानून से हम सीधी लड़ाई नहीं कर सकते हैं तो आप उसका फैसला दे दो, दावका करो कि इस लड़ाई में पाकिस्तान का कितना हिस्सा है। जब हमने इस तरह से वहां लिखा

तब उनकी तरफ से आज शिकायत आई। साहिब कहते हैं कि वहां क्यों जायें, बाहर जाने की क्या जरूरत है हमारा मैल और मैला कपड़ा बाहर धोने की क्या जरूरत है, हमारे घर में धो लो। अभी चार महीने तक मैला कपड़ा हमारा धोते रहे तो पंजाब में तो पूरा नहीं हुआ, अभी कहते हैं घर में धो लो। अच्छी बात है अब मेरी गवर्नमेंट को मैं सलाह दूं कि जिन्ना साहब कहते हैं कि वहां आप क्यों जाते, हिन्दुस्तान की सरकार को वहां जाने की क्या जरूरत थी, वहां नहीं जाना चाहिये, फिर आपस में लड़ लेना अच्छा है। ठीक है यदि यह चाहते हैं तो हम वापस ले लेंगे अर्जी, फिर दूसरा क्या रास्ता होगा। फिर तो जाना पड़ेगा स्यालकोट लाहौर से, जो पसंद होता हो तो फैसला करना अच्छा है लेकिन इस तरह से कहना अब सारा बार बार झूठ बोलते यह मेरी समझ में नहीं आता है कि किस तरह का पाकिस्तान चलेगा। तो मैं कहता हूं कि पाकिस्तान बिगड़ेगा तो इसी तरह से बिगड़ेगा।

और हमारी ख्वाहिश भी नहीं है कि हम बड़े गिनाकर जायें। तो वह बात जो कहा जाता है तो मेरी समझ में नहीं आता और जब हम बैठ के बात करते हैं तो कहते हैं कि हां, भाई, ऐसे लोग गये हैं, फ्रंटियर से गये हैं, उनको हम समझाने की कोशिश करते हैं लेकिन वह मानते नहीं और आज तो हम कितना भी कहें लेकिन वे लोग मानेंगे नहीं और बाद कहते हैं कि हम कुछ जानते नहीं। हमारा कुछ इसमें हिस्सा नहीं। हमने कहा कि तुम्हारे लोग तो वह चले आते हैं, तुम्हारे यहां से हमला करके आपने किया, आप सब सामान देते हो। यह क्या बात है? तो वह कहते हैं कि हमको कुछ दो तो हम उनको समझायें, ऐसी बात करते हैं। अब इस तरह से जो बन गया है उसके लिए मैं हिन्दुस्तान को एक सवाल पूछना चाहता हूं। आप लाखों में जमा हुये, बहुत बड़ा जलसा हुआ, हिन्दू मुसलमान जमा हुये। आप लोगों की राय यह हो, कि आप लोग मुसलमान सब जितने जमा हुये। तुम यह मानते हो कि पाकिस्तान जो काश्मीर में कर रहा है यह गलत है, तो क्यों न बात

कबूलती नहीं है। क्यों बोलते नहीं हैं कि काम का यह गलत होता है। जब तक हिन्दुस्तान में मुसलमान इस तरह से नहीं बोलेंगे तब तक बिल्कुल मुश्किल हो जाता है काम। जितना काम यहां बुरा होता है, इसके लिए हिन्दुस्तान के मुसलमान नहीं बोलेंगे - बोलते नहीं हैंगे, ठीक ठीक कर खुले दिल से नहीं कहेंगे तो फिर यह कहना कि हमारी वफादारी की बाबत आपको अंदेशा पड़ता है। हमको पूछने की कोई जरूरत नहीं तो मैं आपको बड़ी अदब से कहना चाहता हूं कि मैं मुसलमानों का दोस्त हूं और दोस्त का काम है कि सच्ची बात कह देना, धोखा बाजी नहीं करना। तो मैं कभी मुसलमानों के साथ गलत बात नहीं कहूंगा। मैं साफ साफ कहना चाहता हूं कि जब हिन्दुस्तान के मुसलमानों की वफादारी या हिन्दुस्तान के प्रति उनके दिल में पूरी पूरी मुहब्बत हो और समझना हो कि हमारे हिन्दुस्तान में ही रहना है, पाकिस्तान से हमारा कल्याण नहीं होने वाला है, वह हमारी रक्षा नहीं कर सकते हैं। तब उनका कर्तव्य हो जाता है कि जिस नाव में हम बैठे हैं, उसी

नाव में बैठना होगा पड़ेगा। और उसी नाव से चलना पड़ेगा। तो नाव चलाने में साथ देना पड़ेगा तो जिस राह से यह लोग चल रहे हैं उसमें ठीक ठीक सीधी बात करनी पड़ेगी कि यह गलत रास्ता है इस रास्ते से जाने में कोई फायदा नहीं है, अब यह कहा जाता है कि हम तो पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में यदि लड़ाई होगी तब उस में भी साथ देंगे। अरे भाई! वहां तक तो न जाओ, खुली बात तो करो, पीछे हम देखेंगे कि क्या बात होती है - लड़ाई होगी तब तो देखा जायगा। कौन किसका मौका करता है, उस समय पर जब मौका आता है तब तो कीमत हो जाती है, तो यह चीज नहीं है। सच्ची बात यह है कि दो घोड़ों पर सवारी नहीं हो सकती है। एक घोड़े पर सवारी होगी - घोड़ा पसंद कर लो - और कई लोगों ने लखनऊ में रहते हुए पसंद कर लिया अपना घोड़ा और समझ लिया कि दो घोड़ा नहीं चलेगा। मैंने कान्स्टीट्यूएंट असेम्बली चलती थी तो साफ कह दिया था। कि पाकिस्तान के जो लीडर थे, उस लीग के लखनऊ के - वह हमारा एक कान्स्टीट्यूशन बनाता

था। अली जनाब ने बात ने लीग से तो तुमको आगाह
करना पड़ा था। उनको कहा आप इधर सेपरेट ~~स्क्रैच~~
इलेक्टोरेट और रिजर्वेशन यह सब बातें करते
हैं। यह करके हिन्दुस्तान का टुकड़ा कराया।
अब बाकी हिन्दुस्तान में भी टुकड़ा कराना है क्या,
अब मेहरबानी करके पाकिस्तान में चले जाइये—
इधर रहने में कोई फायदा नहीं पड़ेगा। तब वह
चले गये। अब यह ठीक हुआ — यह अच्छी बात
है। लेकिन अब कौन कहता है कि तुम पीछे आओ
भाई। यह हम नहीं चाहते हैं कि पाकिस्तान और
हिन्दुस्तान अभी जल्दी जल्दी मिल जायें, हम तो
तब कह सकते हैं कि जब पाकिस्तान का
स्वाद लेते लेते दांत गिर जायं इकट्ठा होकर—
तब आगे की बात करो — बैठे वहां — लेकिन
हमको हमारा काम करने दो — जो हम इस तरह से
गाफिल रहेंगे तो हम भी मार खा जायेंगे। तो हम यह कहते हैं
कि जो भी कोई मुसलमान यहां हैं उनसे हम दूसरी हैं। तो ~~हम~~
हिन्दू भाइयों को जो हमारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वाले भाई
नौजवान हैं उनको भी कहना चाहता हूं कि आप लोग कुछ
दिमाग से काम लीजिये, अक्कल से काम लीजिये और समझ से

काम लेना चाहिये। जिससे हमारा भी काम हो जाय और दुनिया में हमारी बदनामी भी न हो। इस तरह काम करना चाहिये। यदि आपको लड़ाई की ख्वाहिश है और लड़ना ही है तो लड़ाई का मैदान पसंद करना चाहिये, लड़ाई का मौका पसंद करना चाहिये, लड़ाई का सामान पूरा करना चाहिये। बेमौके से जो काम करता है, बेवकूफी से जो काम करता है, वह अपना काम मैला देता है तो मैं कहना चाहता हूं कि जो चार करोड़ मुसलमान इधर पड़े हैं उनके साथ छेड़छाड़ न करो। और जितनी आप छेड़छाड़ करोगे बोझ हमारे ऊपर पड़ता है क्योंकि एक तो ज्यादा पुलिस रखनी पड़ती है उनको सम्हालने के लिए। हमारे सम्हालने की चीज तो यहां पड़ी है, इधर क्यों सम्हालते हो, इधर उनको रहने दो और जिनके दिल में पूरी वफादारी नहीं होगी वह आप ही चला जायगा। वह रह नहीं सकता है इधर। इतनी गर्मी इधर होगी कि वह हट जायगा, इधर रहेगा ही नहीं। लेकिन आप इस तरह से उनको या और कुछ तरह से तकलीफ करते रहोगे तो जो हमारे साथ हैं वे भी चले जायेंगे - वह हमारे लिए अच्छा नहीं। यदि एक भी मुसलमान जो हिन्दुस्तान का वफादार है और जिसने हमारे साथ लड़ाई में साथ दिया और हमारे साथ मोहब्बत से रहा और उसको जाना पड़े तो उससे बड़ी शर्म की बात कोई नहीं होगी।

यह बहुत बुरी बात है। यह चीज़ हमें निकालनी चाहिये लेकिन
जितने मुसलमान इधर से जोरों पर सवारी करने वाले हैं
एक एक को जाना पड़ेगा, किसी को इधर रहना नहीं होगा।
तो उसमें हमें इस तरह से काम करना है कि मुसलमानों से
ये जितने हिन्दुस्तान में हैं — हमें साफ बात करना
चाहिये कि आप कहते हैं कि हम वफादार हैं तो
जबान से कहने से काम नहीं चलता। बार बार सिंध वाले
कहते हैं, पाकिस्तान गवर्नमेंट कहती है कि हमको इधर
के जो माइनारिटी है उसकी रक्षा करने के लिए
पूरा इन्तजाम करेंगे लेकिन वहां जो रहते हैं उनको
पूछो आप कि कैसा इन्तजाम करते हैं। आज सिंध
वाले जितने हिन्दू हैं वे हमारे पास चिट्ठी लिखते हैं।
दो महीना हो गया, मैंने कहा था, मैंने कुछ बंदोबस्त भी
किया था कि बम्बई से कुछ जहाज भेजें और मैंने कहा
कि चले आओ। उस समय इन लोगों में आपस में
कुछ फूट भी हुई। हमारे लोग भी कहने लगे कि नहीं,
सिंध में तो कोई दिक्कत नहीं है — वहां रहो। ये लोग—
सिंधी मुसलमान चाहते भी हैं। सिंधी मुसलमान तो
चाहते हैं कि वहां रहें। ठीक बात है लेकिन वहां सिंधी
मुसलमान का कुछ चलना कहां है? वहां तो लखनऊ के
मुसलमान का या तो पंजाब के मुसलमान का चलेगा — वहां
सिंधी मुसलमान का क्या चलेगा। तो पाकिस्तान तो इस

जो लड़ने की ख्वाहिश हो तो वह तो बच्चा है, कल जिसका
जन्म हुआ है वह क्या करेगा। तो आपको इस बात आप करना
पड़ेगा तो मैं देखता हूं कि नौजवानों में फौजी तालीम
लेने की ख्वाहिश है। लड़कपन तालीम लेना यह
आज की हालत में मैं जरूरी भी समझता हूं। यदि
हिन्दुस्तान गांधी जी के रास्ते पर चला होता और हमारी
उम्मीद भी थी, ख्वाहिश भी थी कि उस रास्ते पर हम
जायें तो अच्छा है लेकिन हम चल नहीं सके। लेकिन
उनके रास्ते पर भी न चलें और दुनियां के रास्ते पर
भी न चलें तो बीच में गिर जायेंगे। इसलिए हमें
एक रास्ता पकड़ लेना है। तो यदि आज हिन्दुस्तान की
और दुनियां की हालत ऐसी हो कि ऐसी आफत है जिसमें
हमें पुलिस और मिलीटरी के ऊपर भरोसा करना पड़ता
है तो हमारी पुलिस और मिलीटरी पक्की होनी चाहिये
और हमारे नौजवानों को तालीम मिलनी चाहिये। उसके
लिए हम सोच रहे हैं कि क्या करना है। आपको
पूरा मौका मिलेगा लेकिन यह चाकू की और लाठी
की लड़ाई छोड़ दो और किसी की पीठ में खंजर भोंकना
छोड़ दो - उससे कोई फायदा नहीं। उससे न हमारा
चरित्र बढ़ता है न हमारी इज्जत बढ़ती है, हम गिर
जाते हैं - लेकिन हमें देखते जैसे कहा इस प्रकार यदि

लड़ना ही पड़े तो लड़ाई का मौका, लड़ाई का समय, लड़ाई का
जो तरीका है वह सब ठीक तरह से पसंद करके हमारी लड़ाई
की सामग्री पसंद करती है। तब मैंने जब यह सोचा कि
पाकिस्तान का इस प्रकार का ढंग चलता है तो हमों को
क्या करना है तो मैं नवजवानों को बड़े अदब से कहता हूँ
कि हमारा जितना हिन्दुस्तान है उसको एक ही बनाओ।
हमने हिन्दुस्तान क्यों गुमाया था, परदेशियों के पास हमारा
मुल्क क्यों गया — हमारी बेवकूफी से गया था — ऐसी
बेवकूफी अब न हो कि वह हमें संभालना हो तो हमारे
जो नौजवान काम कर रहे हैं उनमें मैं बेवकूफी देखता हूँ
तो हमें जितना हिन्दुस्तान बाकी रहा उसको एक गांठ
में बांधना है संगठित करना हो तो जितना अलग
अलग गरोह बनता है उनको एक करें — अलग अलग
सम्प्रदाय का काम नहीं है और जितनी रियासतें हैं उनको
भी हमें एक कर देना चाहिये तो मैंने कोशिश यही
रही कि पाकिस्तान बनने वाला था बन गया, हमने बनाया,
बनने दिया तो उसमें हमें झगड़ा नहीं करना चाहिये — बाकी
को हमें ठीक करना चाहिये — पाकिस्तान से दूसरा टुकड़ा
होने वाला था जो उसमें भी कुछ था वह था राजस्थान।
तो राजस्थान में बहुत लोग डाकीलात करते थे — बहुत
उनमें गड़बड़ चल रही थी — बहुत से टुकड़े पड़ जानेवाले

हैं लेकिन उन्हें आप लोगों के सामने कहते हैं खुशी होती है कि हमारे देश में जो राजा थे उन लोगों में बहुत समझदार लोग थे - उनमें देश के लिए बड़ा प्रेम है। आप यह न समझें जैसे रियासत में बहुत लोग ऐसा मानते हैं कि राजा लोग बड़े स्वार्थी लोग हैं, घमंडी लोग हैं उनके पास धन है, धन का नशा का मद है और उनमें कोई स्वदेश प्रेम नहीं है - देश की भक्ति नहीं है - मैंने बहुत राजाओं के साथ बातें कीं - और हमारे और उनके बीच में पर्दा था वह दूर गया।

आपने देखा कि एक हफ्ते पहले मैं उड़ीसा गया और वहां और छत्तीसगढ़ की ४० रियासतें थीं। उन ४० रियासतों के राजाओं ने दस्तखत दे दिया आप गद्दी ले लीजिये और आप सारा प्रबन्ध ले लीजिये सरकार की मातहती। कोई नहीं मानता था कि ऐसा हो सकता है लेकिन बन गयी। अब कई राजा परेशानी में पड़े हैं कि क्या पता हाल हमारा होगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारी नियत ऐसी नहीं है कि हम किसी को बेकाम कर दें लेकिन जहां राजाओं ऊंचा एक विचार के हो गये और जान गये कि दोनों हित में यह अच्छी चीज है, हमारी सलामती सबकी इसीमें है तो हमें मानना पड़ता है। तो ४० रियासतों ने बात मान ली और समझदार राजाओं और रैयत दोनों ने मिलकर

मैं बातें की। जिन राजाओं के दिल में शक है उनको मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपको हमारे पर अंदेशा लाने की जरूरत नहीं। यदि अभी इसमें से कोई राजा हटना चाहता है तो मैं उसे छोड़ने के लिए तैयार हूं। लेकिन उस पर जो खतरा हो तो उसकी जिम्मेदारी आपको लेना होगा। उनको समझना चाहिये कि आज तो हिंद के साथ रहना होगा। जो राजा हिंद के साथ नहीं रहेगा उसकी हालत गोलमाल में रहेगा। हिंद लोगों के साथ रहने की कोशिश करनी चाहिये। राजा लोग इसे समझते हैं। ~~[illegible]~~ इस तरह से आप लोगों के दिल में जो शक हो उसे निकाल देना चाहिये।

तो हमारा जो इतना बड़ा संगठन बना उसको क्या करना चाहिये। हमने १५ अगस्त को सत्ता अपने हाथ में ली। ज्यादा दिन नहीं हुआ है - ४ महीना हुआ है। ४ महीने में क्या किया। उसकी फेहरिस्त बताऊं तो आप तो खुश हो जायेंगे कि इस टूटी हुई आई हुई सरकार ने क्या काम किया बहुत लोग समझते नहीं हैं और कहते हैं कि - नवजवान लोग जो अभी हो गये हैं कहते हैं कि यह तो पुराने ढंग से चलता है, पुराना राज है चलती है, क्या फर्क पड़ा है लेकिन वो देखते नहीं हैं कि मुल्क का दो टुकड़ा हुआ। यह छोटी बात नहीं है - बड़ी बात है। दो प्रांत में बंगाल और पंजाब। उनका भी टुकड़ा किया। यह भी बहुत बड़ी बात है। फिर सरहद ठीक करना थे तो खतरे की बात

भी - भली बुरी पर भी कर ली।

हमारी हुकूमत चलाते थे लोहेवाली फ्रेम था एक लोहवाला था जिसको स्टील फ्रेम कहते थे - - - -

. . . . - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - -

सेण्ट्रल गवर्नमेंट और आदमी को मजबूर बनाना चाहते। तो इसलिए मैं जो नौजवान जो हमारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वाले भाई हैं हर थानों में घूमते हैं और बहुत सी बातें करते हैं उनको मैं पुकारता हूं लेकिन मेरी यही उम्मीद है कि यह लोग गलत रास्ते पर चलते हों तो उनको ठीक रास्ते पर लाना, यह हमारा काम है और उनको समझाना कि यह गलत तरीका है, यह काम आर्डिनेन्स से नहीं हो सकेगा उनके उल्टे तरीके पर चलते हैं। इसलिए मैं कुछ न कुछ उनसे साफ बोलचाली से काम लेता हूं। पीछे अपनी मर्यादा छोड़के दे तो फिर हमें लाचारी से कहना पड़ता है लेकिन हमको ऐसा मजबूर बनाना, लाचार बनाना क्या हमारे नौजवान जिन पर हिन्दुस्तान का बोझ पड़ना है, उनका यह काम है? तो उन लोगों को मैं अदब से कहता हूं कि इस तरह से काम न करें। अब हमारे मैं आप देख लीजिये कि हमने

सेण्ट्रल गवर्नमेंट बनायी। हमने कोई ऐसी गवर्नमेंट नहीं बनायी जो कांग्रेस की गवर्नमेंट हो। ठीक है, कांग्रेस के पास सत्ता है लेकिन हम सत्ता का उपयोग इस तरह से नहीं करते - हमारी गवर्नमेंट से आप देखिये कि हमारा जो फाइनेन्स मेम्बर है वह एक केपटलिस्ट है, वह कोई कांग्रेस में नहीं था, कभी कभी कांग्रेस के खिलाफ भी पड़ा, बहुत दिनों तक। ऐसे देखिये डाक्टर श्यामा प्रसाद मुकर्जी हैं, हिन्दू महासभा का वह प्रतिनिधि है और काफी हम उनको छूट देते हैं कि कुछ भी बोलें तो बोलने देते हैं थोड़े हम उनको बंद नहीं करते हैं। कई लोग हमको कहते हैं कि डा० श्यामा प्रसाद मुकर्जी हिन्दू महासभा के हैं। आपकी कांग्रेस की गवर्नमेंट में बैठ करके ऐसी बातें क्यों करते हैं। तो हम कहते हैं कि बोलने दो उससे क्या होता है। खाली बोलने से कोई बात थोड़ी होती है। यदि हमारा काम साफ हो तो लोग हमारे पीछे चले आने वाले हैं क्योंकि मैं हिन्दू महासभा वालों को भी कहता हूं कि आप बाहर पड़े क्या करोगे, आओ कांग्रेस में चले आओ, जो कुछ हो हमारे सामने बैठकर बात करो। ऐसा अलग बनाने से क्या मानते हो कि ठीक काम होगा।

तो हिन्दू महासभा को मैं बार बार चैलेंज देता हूं कि आप अलग होने से अस्पृश्य हो गये, लेकिन जैसे आप हो गये, एक अलग टुकड़ा करके बैठें - आपको भीतर आना चाहिये। आप ऐसा क्यों गुमान रखते हैं कि करोड़ों हिन्दुओं को हम ही ठीक रखेंगे। हिन्दू धर्म तो इस तरह से छोटा हो जायगा, हिन्दू धर्म बहुत संकुचित हो जायगा अगर आप ऐसा ही ठेका लेंगे। हिन्दू धर्म में काफी आत्मा पड़ी है, काफी टालरेंस पड़ी है तो आपको इस तरह से नहीं करना चाहिये। दोनों हमारा मन्त्री जान मथाई क्रिश्चियन है वह टाटा के यहां पड़ा था, केपिटे- लिस्ट दूसरा उनके यहां पड़ा था। लेकिन उनमें ताकत थी, होशियार था, काबलियत थी तो हमने उनको भी ले लिया और उनकी ~~सला~~ रजा लेकर हमने उनको अपने भीतर ले लिया। अब एक पारसी महाशय हैं वह भी कांग्रेस में नहीं था। और काफी लोगों में उनका इन्टरेस्ट है, कैपिटल में भी इन्टरेस्ट है, वह भी आया। सरदार बलदेव सिंह हैं वह सिक्खों का प्रतिनिधि है अकाली दल का है वह, इन्डस्ट्रियलिस्ट भी है। तो इतने तो सौ हमने अपनी केबिनेट के भीतर लिये। इस तरह से हमारा काम चलता है। आप लोग यह न समझें कि कांग्रेस अपना जमात बनाके कुछ काम करना चाहती है। कांग्रेस का धर्म हो जाता है कि जितने हिन्दुस्तान में पड़े हैं,

उनके अपने राज में रहे हैं, अपनी ~~इ~~ हुकूमत में रहे हैं उनको
यही सेक्यूरिटी देना चाहते थे। ऐसा न करें तो यह राज नहीं
चला सकेंगे। तो जितने नौजवान भाई इस रास्ते पर
चलते हैं उनसे मैं ~~अब~~ बड़ी अदब से अपील करता हूँ कि आप
हमारे पर भरोसा करें, और हम जिस रास्ते पर आपको ले जाना
चाहते हैं उस रास्ते पर चलें तो राज तो आपके ~~[illegible]~~ पास पड़ने
वाला है। हमको क्या करना है राज से। इस हुकूमत को हम क्या
करेंगे। आपको उठाना है तो उसके लिए तैयार हो जाइये।
और कांग्रेस और आपके बीच में झगड़ा क्यों है। आप कांग्रेस में
चले आइये। और हमारा एक काम रहे और रहता है वह यह
कि हमारे कांग्रेस में काम करने वाले जो लोग हैं वे हुकूमत में आ
गये, सत्ता में आ गये तो उनके दिल में यह ख्याल आ गया है
कि अब हम तो हुकूमत से सब काम कर सकते हैं, सत्ता से ही सब
काम कर सकते हैं। यह नहीं हो सकता। यदि कांग्रेस के काम करने
वाले ठीक तरह से काम करें तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वाले
जो करते हैं तो इस तरह से नहीं करेंगे। उनसे साफ मिलना,
मोहब्बत करना, उनको समझाना और उनको गलत रास्ते से
ठीक रास्ते पर लाना हम नहीं करेंगे तो डंडे से यह काम नहीं
होगा क्योंकि हुकूमत से जब हम ~~यह~~ काम करना शुरू करें
तो उसमें से [illegible] जैसा होगा और उस रास्ते से हमारा काम
हल नहीं होगा। डंडा चोर डाकू के लिए है, फिसाद करने वालों

के लिए है, गुनाह करने वाले हैं उनके लिए है। तो आप कहें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वाले गुनाह करते हैं, हैं कबूल करूंगा कि वे गुनाह करते हैं लेकिन यह गुनाह के पीछे उनका स्वार्थ नहीं। तो उनके दिल में जो भाव है वह ठीक भाव है तो हम उसको ठीक रास्ते पर ले जा सकते हैं तो क्यों न ले जायं। तो वह काम हमें करना है तो एक तो यह बात मैं कहना चाहता हूं।

दूसरी बात यह है कि मन हमेशा ठीक आप रखना तो .... तो एक दूसरा काम।

अध्यक्ष साहब, पं. जवाहरलालजी और अन्य नेतागण, बहनों और भाअियों,

अिस संमेलनके संयोजकों ने फरमाया है कि पं. जवाहरलालजी और दूसरे नेताओं के विचार और सलाह सुननेसे पहले रचनात्मक कार्यकर्त्ताओं की तरफ से मैं दो बातें कहूं। अिसलिये बगैर प्रस्तावनामें समय लगाये, मैं सीधे कामकी बातों पर आता हूं।

कैसी विचित्र परिस्थिति में आज हम अिकट्ठा हो रहे हैं। जब पिछले फरवरी में अिस संमेलन को भरना तय हुआ और पू. बापूजी की भी आनेकी संभावना मालूम हुअी तब देश भर में कार्यकर्त्ताओं में अुत्साह आ गया था। अब अेक महीने के बाद जब अिकट्ठा हो रहे हैं तब संमेलन की आवश्यकता तो अनेक गुना बढ गयी है लेकिन सबके दिलमें अुत्साह के बजाय चिन्ता का बोझ ही ज्यादा है। अगर पिछले माह में संमेलन हो ता और आप नेताओं मेंसे कोअी नहीं भी आते तो भी अेक बापू के होने से सब सलामत मालूम होता। आज आप के आनेसे ही सबको कुछ हलका सा मालूम होता है। और सबकी चिन्ता किस हदतक कम होगी और विषाद की जगह नवचेतनसा मालूम होगा अिसका अेक बडा अंश आपसे मिलनेवाली सलाह और राह-दिखाअी पर अवलंबित है।

हमारे मुल्क के राजकारण में आपका स्थान छिपा हुआ नहीं है। आप लोगोंकी अहमदनगर के किलेसे रिहाअी होनेके बाद देशके राजकीय नक्शेमें और लाखों लोगोंकी जिन्दगी में बहुत भारी फेरफार हुओ, जो अब भी जारी है। अिन फेरफारों पर कार्यकर्त्ताओं और जनताको कभी २ गैरसमझी या असंतोष भी हुआ। फिर भी जुमलामें आपके साथ देश खडा रहा है। और आपकी मुश्किलों को सहानुभूति के साथ देखा है। जिन आफतों मेंसे देशको गुजरना पडा है वे अितनी जबरदस्त थीं और आज भी हैं कि सियासी पार्टीबाजी में अेकाध प्रतिष्ठित नेताका जाहीर जीवनसे अुखड जाना असंभव नहीं था। लेकिन हमारे सौभाग्यसे हमारे देशमें अैसा नहीं हुआ। बल्कि जितनी आफतें बढीं अुतना ही आपके लिये आदर भी बढा। हर मुसीबतका सामना करने में आपकी शक्तिका जो परिचय देशको हुआ यह अिसका अेक कारण था ही। पर साथ ही यह भी अेक बडा कारण था कि पू. बापूजी बीच में थे। मामला चाहे जितना अुलझ जाय ये अुसे सुधार देंगे, अिस विश्वास पर सब निश्चिन्त थे। आप और हम सब जो राजकीय नेता कहलाते हैं और जो रचनात्मक कार्यकर्त्ता कहलाते हैं अेक ही बापू के छोटे बडे मोटे २० से ३० साल के साथी हैं। और अुनकी मातहत मुश्किल और आसान परिस्थितियों में साथ काम करते आये हैं। पू. बापूके देहान्त से अब अैसी हालत पैदा हुअी है कि जिसमें कांग्रेसके राजकीय कार्यकर्त्ता और रचनात्मक कार्यकर्त्ता जितने ही ज्यादा अेक दूसरों का दृष्टिकोण समझेंगे और परिचय रखेंगे अुतना ही जनता का लाभ होगा।

रचनात्मक कार्यकर्त्ताओंकी मनोदशा और विचारधाराका आपको परिचय करानेका जिम्मा मेरे पर रखा गया है।

जिन कुछ बडे और छोटे कार्यकर्त्ताओंसे मैं बातचीत या पत्रव्यवहार

द्वारा मैं सम्पर्कमें आया हूं, अुसपर से मैं यह पाता हूं कि अुनकी कांग्रेसीसरकार और कांग्रेसी कार्यकर्त्ता दोनों के प्रति कुछ बातों में शंका की नजर है।

पहली बात यह है कि पू. बापूजी कभी सालोंसे कहते आये हैं कि " जवाहरलाल मेरा वारिस है। " सब हालत भी यही है। सरकार के प्रधान मंत्री, कांग्रेस संस्थाके अग्रणी और लोकप्रियता तीनों नातेसे बापू के बाद आपके अूपर ही जगत की नजर है। आपका बडप्पन न सिर्फ अिस देशमें है, सारी दुनियाने अुसे माना है। अिसलिये स्वाभाविक बात यह होनी चाहिये कि रचनात्मक कार्यकर्त्ता भी अब आपके अूपर श्रद्धा और अुत्साह से नजर डाले और आगे रचनात्मक कामों का क्या स्वरूप हो, जिन संस्थाओं के बापू अध्यक्ष और प्राण थे अुनकी क्या व्यवस्था हो आदि बातों में आपसे मार्गदर्शन लें। और आपसे यह अुम्मीद करें कि जिस ममता और कद्र की नजरसे बापू अिन कामोंको और कार्यकर्त्ताओं को देखते थे वही आपसे पायें।लेकिन, अेक पर्दा आपके और रचनात्मक कार्यकर्त्ताओंके बीच में मैं देखता हूं। अेक जमाना था जब कार्यकर्त्ता मानते थे कि आप व्यक्तिगत रूपमें न सही फिर भी श्री सरदार, राजेन्द्र बाबू, राजाजी वगैराकी रचनात्मक कामों में पूरी दिलचस्पी है।लेकिन, अेक अैसा शक पैदा हुआ है कि वे भी अब अिस पर्देकी ओझल चले गये हैं। आप लोगोंके भाषणों और बयानों में वे अपने सेवाकामों में अुत्साह बढानेवाली चीज जब नहीं देखते तब आपके बारेमें अुन्हें कुछ निराशा मालूम होती है। ये नहीं जानते कि अिन कामोंको आप देशके लाभ के समझते हों या निकम्मे या नुकसान करनेवाले, और आपकी निगाह में ये बढानेयोग्य हैं या समेट लेने योग्य हैं। आपका मातहत जो प्रांतीय सरकारें चलती हैं अिनका भी अिन कामों के प्रति क्या रुख है अिसका साफ चित्र नजर नहीं आता।

आप जानते हैं कि रचनात्मक कार्यकर्त्ताओं की अेक विचारधारा बनी है। वह गांधीवादी बोली जाती है। जीवनके सब अंगोंपर अुसका व्याप है। रचनात्मक कार्यकर्त्ता मानते हैं कि वह हमारे देशके अिस युगके लिये योग्य विचारधारा है। अुसपर देशकी राजकीय, सामाजिक, आर्थिक आदि रचना करनी चाहिये , और सिवा अुसके हम अिस देशके करोडों अधभूखे और तरह २ के महत्वाकांक्षी और बलवान प्रतिस्पर्धी दलोंके शिकार बने हुअे लोगोंको हित और अुनकी मानवताका विकास करा न सकें। यह बात नहीं कि अिस विचारधारा को वे अैसी संपूर्ण योजना मानते हैं कि जिसमें संशोधनकेलिये जगह नहीं। गांधीजी के अलावा अिसपर श्री विनोबा, कृपालानीजी, जाजूजी, कुमाराप्पा, काका कालेलकर, आशादेवी, आर्य्यनायकम्, अप्पा पटवर्धन, धीरेन्द्र मुजुमदार, रविशंकर महाराज, नरहरि परीख, नाना भाअी भट्ट, मैं वगैरा कअीने अुसके भिन्न २ पहलुओं पर मेहनत की है। ये सब अंध अनुयायी नहीं । मूल प्रेरक बापू रहे हों, फिर भी हर अेकने कुछ न कुछ स्वतंत्र विचार और काम निर्माण किये हैं। अुनके विचारों और कामों में मौलिकता है, और कामों को प्रत्यक्ष करते २ अिस विचारधारा की बातें सोची गयी है, और साधारण लोगों की भाषामें पेश की गयी है । यही कारण है कि कभी २ के बारेमें

कार्यकर्त्ताओं और सामान्य जनता को अिनके विचारों का कांग्रेस नेता और कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की अपेक्षा ज्यादा पता है। और अिनमेंसे अेक या दूसरेसे मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हैं।

हमारे मिथ्या अभिमानके लिये यह आत्मसंतोषका विषय हो सकता है। परंतु हमें अिसमें आत्मसंतोष नहीं होता। बापूके जीवनकाल में अुनकी छाया में जिस तरह हम काम करते थे और मार्गदर्शन कराते थे और बापूके काम की पूर्ति कर देते थे अिसी तरह अगर आपके साथी होकरके वही काम करनेका होता, तब तो अिस में कोअी दुखकी बात न थी। मगर हमें जो दुख होता है वह अिस बातका है कि वे आप लोगोंकी रुख के बारेमें साशंक होनेकी वजहसे हम लोगोंकी ओर देखते हैं, न कि आपके साथीकी हैसियतसे। यह हकीकत मेरी नजरमें न हमारे लिये -- शोभास्पद है न आपके लिये, और न देशके हितमें। और अिसमें दूसरी अफसोस की बात यह है कि अगरचे आपने और हमने अेक ही बापू की सरदारीके नीचे देशसेवा करते २ जिन्दगी का बडा हिस्सा बिताया है, फिर भी आपमेंसे कअी-को मुख्य रचनात्मक कार्यकर्त्ताओंका परिचय नहीं और अिनमें से कअीकों आपका परिचय नहीं। दोनोंके बीच में "आप और हम अेक हैं" अैसा रिश्ता होनेकी बजाय आपकी और हमारी कोअी अैसी कमी है जिसके कारण रचनात्मक कार्यकर्त्ताओं में अैसी मान्यता बनी है - "हम और आप जुदा हैं। कांग्रेसी और रचनात्मक कार्य-कर्त्ताओं के मार्ग अलग हैं।"

मेरी आपसे पहली प्रार्थना यह है कि अिस पर्देको आप अपनी तरफ से हटाने में मदद करें।

अिसके मानी बेशक, यह नहीं कि आप सिर्फ तसल्लीके लिये कुछ मीठे वचन कह दें या आपकी सरकारों की तरफसे कुछ मदद देनेका आश्वासन दें। जो हम --- समझना चाहते हैं वह यह है कि जिस विचारधारा पर हम काम करते हैं, हमारी धार्मिक, सामाजिक, राजकीय, आर्थिक कौमी रचनाका चित्र बनाते हैं वह आपकी निखालिस रायमें कहांतक ठीक है? अगर हमारे विचार अथवा अुद्देश्य गलत हैं तो वे गलतियां कौनसी हैं? हम यहां गंभीरतासे विचार करने और रचनात्मक संस्थाओं और कामोंकी नये सिरेसे व्यवस्था सोचनेके लिये जमा हुअे हैं। यदि आपकी रायमें हमारे विचारों में कहीं गलती है तो आप हमारी गलतियां सुधारें। पर यदि हमारे विचार और आदर्श ठीक हैं तो आप हमें दिलसे साथ दें, और जिन संस्थाओंके बापू अध्यक्ष, अुपाध्यक्ष या सलाहकार रहे अुन जगहोंको किस तरह भर दिया जाय तथा आअिंदा अिनके काम किस दृष्टिसे चलाये जाय अित्यादि बाबतपर रोशनी डालें। विशेष करके खादी, ग्रामोद्योग, नयी तालीम और हिंदुस्तानी ये चार विषय जो चर्चास्पद मालूम होते हैं अिन पर आप प्रकाश डालें। अिनमें कांग्रेसी सरकारों और अिन संस्थाओंके संबंध और सहयोगके बारेमें आपकी क्या राय है और आप व्यक्तिगत रूपमें या कांग्रेस हाअीकमांडकी हैसियतमें अिनमें कितनी दिलचस्पी ले सकें।

दूसरी बाबत जिसपर हम आपके विचार समझना चाहते हैं वह बापूके स्मारक के बारेमें है। स्मारक-निधिके बारेमें श्री राजेन्द्रबाबूकी अपील हमने देखी

देखी है। लेकिन स्मारक-निधिका क्या अुपयोग सोचा गया है; अिसका चित्र अभी हमारे सामने अुठ रहा नहीं है। अिस विषयपर हम लोगों पर कार्यकर्त्ताओं और जनताके लोगोंसे कुछ न कुछ सूचनाअें आती हैं; कुछ टीकाअें (criticisms) भी आती हैं। मेरे पर आयी हुअी चिट्ठियोंका मुझपर जो असर हुआ है वह यह है कि विद्वान होते हुअे भी दिखावा-प्रेमी और कीर्ति-प्रिय लोगों की सूचनाओंकी अपेक्षा साधारण जनता और देहाती कार्यकर्त्ताओं की सूचनाओं में ज्यादा समझदारी दिखाअी देती है। अिन लोगोंने बहुत स्पष्टतासे मूर्ति-पूजाकी जिसमें बू आती हो, या अुसे प्रोत्साहन मिलता हो असी सब सूचनाओंका निषेध किया है। जगह २ देवालयके प्रकारके गांधी-मंदिर, कीर्तिस्तंभ, बापूके अुपयोगमें आयी हुअी वस्तुओंके संग्रहालय, बापूके पुतले, कलाके कुतूहलसे देखनेकी अिमारतें या अजायबघर आदिकी सूचनाओंका जिक्र अखबारों में पढकर कअी मित्रोंने शोक प्रकट किया है। यहां अिकट्ठा हुअे रचनात्मक कार्यकर्त्ताओंमेंसे बहुत कम असे निकलेंगे जिन्हें असे रचनाकार्योंमें रस हैं। पवित्र पुरुषोंकी कब्र, समाधि, मूर्ति और जड चीजोंकी पूजा और प्रत्यक्ष चेतनकी हत्या मानव जातिकी मूढबुद्धि है और हमारे देशमें शायद अुसकी पराकाष्ठा है। हिंदु जनता असी बातों में बहुत शीघ्रतासे फंस जाती है। अिसमेंसे अुसे निकालनेका हम लोगोंका प्रयत्न होना चाहिये। अगर हम भी बापूके बहाने जनताको अिसी दिशामें खींच ले जायेंगे तो अुसका नुकसान करेंगे - सेवा नहीं। आप जानते हैं कि बापू की अेक अवतार या पैगंबरके रूपमें पूजा शुरू करना बहुत आसान बात है। गांधीके नाम पर अेक धर्म-संप्रदाय भी चलाना मुश्किल बात नहीं। जनताको अपनी ओर खींचनेके लिये असा करने की कार्यकर्त्ताओं को लालच होने की बहुत संभावना है। हम लोगों को अिस ओर बहुत सचेत रहनेकी जरूरत है। और अिस प्रकारके स्मारक बनानेकी कल्पनाओंको नापसन्द करना चाहिये।

अिस कारणसे सारे हिन्दुस्तान में और विदेशोंमें भी भस्मका बंटवारा करके जो बडा अुत्सव मनाया गया वह कमसे कम मुझे पसन्द न आया। बापूकी मृत्यु अितना आघात पहुंचानेवाली हुअी कि अुसका निषेध करने में हमें संकोच लगा, अुसमें हमने भाग भी लिया, अुसके पीछे रही हुअी सामुदायिक दृष्टि भी खयाल में आयी। लेकिन मुझको यह सब बुरा मालूम हुआ। मुझे बापूकी अेक चिट्ठीकी याद आयी जो अुन्होंने मुझे श्री देशबंधु दासकी अन्त्येष्टिक्रियाके बाद कलकत्तासे लिखी थी। अुन्होंने अिस आशयका मजमून लिखा था कि मैंने महादेव को स्मशानमें ही कह दिया कि मैं जिस जगह मर जाअूं वहीं मुझे बगैर धांधली मचाये जला देना। फिर चिताकी राखका ही बंटवारा क्यों न हो, जहां भाग हिस्सेका सवाल अुठा कि हूंसातूंसी मानस और सियासी दलबन्दियोंकी बुराअियां अुसमें पैदा हो ही जाती है। अिस प्रांतमें अुसकी थोडीसी झलक आ ही गयी। और संभव है कि दूसरे प्रांतों में भी हुअी हो।

अभी अखबारोंमें पढा कि बम्बअीके नजदीक ७९ फीट अूंचा बापूका पुतला और अुसके अिर्दगिर्द ७९ स्मारक-स्तंभ खडे करनेकी अेक भव्य योजनाकी नींव डाली गयी। श्री अमृतलाल सेठकी अुदारता, कल्पकता तथा कलाप्रियता और भव्यताका शौक मैं जानता हूं। अुसकी कद्र भी कर सकता हूं। मैं जानता हूं कि बापूके जैसे महान पुरुष

की स्मृति में अिस तरहके कुछ २ स्मारक होंगे ही। लेकिन अगर अैसे स्मारक खडे करनेकी होड चल पडे और बम्बजीमें होगा वैसे बडे स्मारक देहली, कलकत्ता, साबरमती, सेवाग्राम आदिमें करनेकी वृत्ति बढ जाय तो वह मेरी राय में बापूको जिन्दा रखनेका नहीं बल्कि पूरा २ पत्थर और अींटोंमें गाड देनेके आयोजन साबित होंगे। जो हुआ सो हो गया। आगे की ही हमें सोचना है। करोडों रुपयोंका स्मारक निधि अिकट्ठा करनेकी जो योजना है, अुसके अुपयोगके बारेमें आप लोगोंकी क्या -- कल्पना है, अिसकी कुछ खयाल देनेकी कृपा करियेगा।

अेक और बाबत। बापूकी लोक-सेवक-संघकी योजना हमने देखी है। कांग्रेसका जो ६० सालका अितिहास है, अुसकी नजरसे यह अलबत्ता, बिल्कुल नये ढंगकी संस्था हो जाती है। लेकिन, कांग्रेसको अपने स्वरूपमें क्रांति करना अुसकी शक्तिके बाहरकी बात तो नहीं है। मोटे रूपमें बापूकी योजना हमें व्यवहार्य और स्वतंत्र हिन्दुस्तानमें जनताका विकास करनेकी दृष्टिसे अुपयोगी मालूम होती है। कांग्रेस कमिटी कोअुसमें कौनसी मुश्किल मालूम हुअी यह हमें समझा देंगे तो बडी मेहरबानी होगी।

समय होता तो रचनात्मक कामोंकी दृष्टिसे बहुत महत्व रखनेवाले कुछ खास सवाल (problems) आपके सामने रखता। जैसे कि वनस्पति घी का सवाल, जो ग्रामोद्योग, मवेशी-धन और जनताका आरोग्य तीनोंके लिये बहुत महत्त्वका है। वैसा ही महत्त्वका विषय अुन मजहबी संस्कारों और विचारों का है जिसने बापूकी हत्या करवायी। मेरी राय में यह अेक अैसी बाबत है जिसमें विद्वानों और आम लोग दोनोंके धर्म, संस्कृति और अितिहास महात्म्यके खयालों में बडी क्रांति होना जरूरी है। रचनात्मक कार्यक्रम का यह अेक स्वतंत्र अंग बन सकता है। अिसका संबंध नयी तालीम और हिंदी-अुर्दू विवादसे भी है। और भी बहुतसे सवाल हैं। परन्तु अिन सब बाबतोंको अिसी समय पेश करनेसे मेरा ही भाषण लम्बा हो जायगा, और आपको जवाबके लिये पूरा समय ही न रहेगा।

समय बचानेके लियेमैंने कोअी भाव-प्रदर्शक शब्द नहीं निकाले - न पूज्य बापूके देहान्तसे हमें जो सदमा पहुंचा है अुसका जिक्र किया, न नेताओं के और -- अिकट्ठा हुअे भाअी-बहनोंके लिये आदर और प्रेमका अेक शब्द कहा। बल्कि सवालोंके अूपर सीधा ही आ गया, क्यों कि मुझे विश्वास है कि मेरी अिस विनयकी खामीसे कोअी गलतफहमी न होगी। फिर भी विनय की खामी अेक प्रकारका सामाजिक दोष ही है, और अिस दोषके लियेमैं आपकी क्षमा चाहता - हूं।

१-३-१९४८

कि. घ. म.